-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना गिरवां पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल । राजस्थान की रहने वाली, लगभग डेढ़ वर्ष से घर से भटकी मानसिक रुप से मंद महिला को परिजनों की पहचान कर महिला को उसके घर जयपुर ले जाकर परिजनों को किया गया सुपुर्द । परिजनों ने पुलिस को हृदय से दिया धन्यवाद ।**

विवरण– थाना गिरवां पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं मानवता की एक अनोखी मिशाल पेश की गई। गौरतलब हो कि दिनांक 31.07.2025 को थाना गिरवां क्षेत्र अंतर्गत माँ विंध्यवासिनी मंदिर परिसर के पास एक मानसिक मंद महिला बरामद हुई थी। थाना गिरवां पुलिस द्वारा महिला को अभिरक्षा में लेकर महिला भोजन आदि कराया गया तथा उसके परिजनों की जानकारी के प्रयास किए गए। महिला द्वारा बताए गए सभी अस्पष्ट पतों को थानाध्यक्ष गिरवां श्री चन्द्रप्रकाश तिवारी द्वारा पुष्टि करने के प्रयास किए गए। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि महिला शहीद अब्दुल नगर थाना जालूपुरा जनपद जयपुर (राजस्थान) की रहने वाली है तथा उसका नाम रुबीना पत्नी माजिद है। जरिए फोन परिजनों से बात करने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि महिला मानसिक रुप से मंद है तथा लगभग डेढ़ वर्ष पहले घर से भटक गई थी। परिजनों द्वारा बताया गया कि वे आर्थिक रुप काफी कमजोर हैं तथा बांदा नहीं आ सकते इस पर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में थानाध्यक्ष गिरवां द्वारा निजी वाहन से महिला को परिजनों को सकुशल सुपुर्द करने हेतु आरक्षी प्रहलाद, महिला आरक्षी सोनी तथा महिला आरक्षी चांदनी को रवाना किया गया। आज दिनांक 02.08.2025 को पुलिस टीम द्वारा महिला को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया गया।